विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय सीतापुर में संचालित मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में 05 मध्यस्थ अधिवक्तागण का मनोनयन किया जाना है। जिस हेतु विहित प्रारूप पर आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उ.प्र. सिविल प्रकिया मध्यस्थता नियमावली 2021 के अनुसार पात्र व्यक्ति/अधिवक्तागण (न्यूनतम् 10 वर्ष अनुभव), विहित प्रारूप पर अपना आवेदन **दिनांकः—05.08.2025 तक** अपना आवेदन/प्रार्थना पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों अथवा अपूर्ण आवेदन पत्र अथवा विहित प्रारूप से भिन्न आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा, न ही इस सन्दर्भ में कोई पत्राचार स्वीकार किया जायेगा। आवेदन पत्र का विहित प्रारूप जनपद न्यायालय सीतापुर की वेब साइट— www.ecourts.gov.in/sitapur से डाउनलोड किया जा सकता है।

दिनांकः 21.07.2025

नोटः—1—आवेदन पत्र प्रेषित करने का पताः— जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ए.डी.आर. केन्द्र
जनपद न्यायालय परिसर सीतापुर।

2—आवेदन करने हेतु पात्रता के लिए उ.प्र. सिविल प्रकिया मध्यस्थता नियमावली 2021 का अध्ययन कर लें।

अधिवक्ता मध्यस्थ पद के लिए आवेदन–पत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साइज
नवीनतम् फोटो

1. नाम अधिवक्ताः–.....
2. पिता का नामः–.....
3. स्थाई पताः–.....
4. मोबाइल नम्बरः–.....
5. विधि व्यवसाय की अवधिः–.....
6. रजिस्ट्रेशन नम्बरः–.....
7. अन्य किसी संगठन में किये गये सेवा सम्बन्धी विवरणः–.....
   (प्रमाण पत्र यदि हो तो)
8. अनुभवः–.....
   (क) दीवानी प्रकरणः–.....
   (ख) फौजदारी प्रकरणः–.....
9. कुल कितने वादों का निस्तारण कराया गयाः–.....
   (अ) कितने मुकदमें पक्ष में निर्णीत हुएः–.....
   (ब) कितने मुकदमें विपक्ष में निर्णीत हुएः–.....

घोषणा

मै प्रमाणित करता/करती हूँ कि मै पूर्णतः स्वस्थचित्त एवं दिवालिया न्यायनिर्णीत नही हूँ। मेरे विरूद्ध नैतिक अधमता से सम्बन्धित कोई आपराधिक वाद किसी न्यायालय में लम्बित नही है, न ही उक्त सम्बन्धी कोई कार्यवाही या कोई अनुशासनिक कार्यवाही किसी सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रारम्भ की गयी या लम्बित है, न ही ऐसे किसी प्रकरण में मै दोष–सिद्ध ठहराया गया हूँ/गयी हूँ आरै न ही किसी आपराधिक मामले में आरोप पत्र प्रेषित किया गया है, न ही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थ के रूप में सम्मिलित किये जाने हेतु अनर्ह अधिसूचित किया गया हूँ/गयी हूँ। मै प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनाये मेंरी निजी ज्ञान में सही व सत्य है। यदि उक्त सूचनाएं गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी, व इस सम्बन्ध में मेंरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैने आवेदन सम्बन्धी सभी नियत/शर्तो का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

हस्ताक्षर आवेदक